हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–147 : जौनपुर, शुक्रवार 29 जुलाई 2022 साम्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस : अस्तित्व में आएगा रानीपुर टाइगर रिजर्व –सीएम योगी

गोरखपुर ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार राष्ट्रीय पशु बाघ के संरक्षण को लेकर संवेदनशील है। बाघ संरक्षण के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए चित्रकूट के रानीपुर में प्रदेश का चौथा टाइगर रिजर्व बनाने का निर्णय लिया जा चुका है। यह टाइगर रिजर्व बहुत जल्द अस्तित्व में आने जा रहा है। सीएम योगी शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर प्रदेश सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की तरफ से योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में आयोजित अंतर सीमावर्ती सहयोग कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। बाघ संरक्षण हेतु आयोजित इस कार्यशाला में वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से जुड़े मुख्यमंत्री ने कहा कि वेदों और प्राचीन ग्रंथों की चर्चाओं में भी बाघ का वर्णन मिलता है। अपने देश मे 1973 में इसे राष्ट्रीय पशु घोषित करते हुए सेव टाइगर प्रोजेक्ट शुरु किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने समय से पूर्व 2018 में ही सेव टाइगर के लक्ष्य को पा लिया। सीएम ने बताया कि राज्य स्तर पर उत्तर प्रदेश में बाघों की संख्या 2006 में 106 थी जो 2018 में बढ़कर 173 हो गई। बाघों की नई गणना के जब परिणाम आएंगे तो यह संख्या करीब 200 होने का अनुमान है। रानीपुर में टाइगर रिजर्व की चर्चा के साथ गोरखपुर चिड़ियाघर का उल्लेख करते हुए सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर के प्राणी उद्यान में सफेद बाघ आया है। इससे गोरखपुरवासियों को इसके संरक्षण का मौका मिलेगा। वन और बाघ एक दूसरे के संरक्षक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वन और बाघ एक दूसरे के नैसर्गिक संरक्षक हैं। महाभारत के एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बाघों के बिना वन का अस्तित्व संभव नहीं है। और न ही बिना वन के बाघ रह सकते हैं। वन की रक्षा बाघ करते हैं और बदले में वन उनकी रक्षा करते हैं। यूपी में 3500 वर्ग किमी से अधिक हो जाएगा टाइगर रिजर्व एरिया सीएम योगी ने कहा पीलीभीत, दुधवा और



अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के बाद रानीपुर में टाइगर रिजर्व के अस्तित्व में आने से प्रदेश में कुल टाइगर रिजर्व क्षेत्र 3500 वर्ग किमी से अधिक हो जाएगा जो प्रदेश के सम्पूर्ण वन क्षेत्रफल का 21 प्रतिशत होगा। साहस व सामर्थ्य का अप्रतिम प्रतीक है बाघ शुक्रवार सुबह एक ट्वीट के जरिये अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर पशु प्रेमियों व प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए सीएम योगी ने कहा कि साहस व सामर्थ्य के अप्रतिम प्रतीक राष्ट्रीय पशु बाघ के संरक्षण के प्रति अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण का हम सभी को संकल्प लेना चाहिए। गोरखपुर चिड़ियाघर को मिलेगा एक और सफेद बाघ : वन मंत्री अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर आयोजित कार्यशाला में प्रदेश के वन, पर्यावरण जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने कहा कि जल्द ही गोरखपुर चिड़ियाघर को एक और सफेद बाघ की सौगात मिलेगी। एक सफेद बाघ (मादा बाघ गीता) को लखनऊ चिड़ियाघर से यहां पहले ही लाया जा चुका है। दूसरा सफेद बाघ चेन्नई चिड़ियाघर से लाया जाएगा। इस अवसर पर विभाग के राज्य मंत्री केपी मलिक ने कहा कि नागपंचमी के दिन गोरखपुर चिड़ियाघर में नाग देवता (कोबरा) का दर्शन करने के लिए टिकट शुल्क में 50 फीसद की रियायत दी जाएगी। कार्यशाला को वर्चुअल मोड में फिल्म अभिनेता रणदीप हुडा, सांसद रवि किशन शुक्ला ने भी संबोधित किया।

## बलिया के 65 धर्म यात्रियों की बस ऋषिकेश में पलटी : महिला की मौत : परिजन परेशान

ठाणे ब्यूरो अमित कुमार पाण्डेय : उत्तराखंड के ऋषिकेश में बस हादसे की सूचना मिलते ही बलिया के उन परिवारों में अफरा–तफरी मच गयी, जिनके सदस्य बस में सवार है। लोग अपने–अपने स्तर से जानकारी जुटाने में जुटे हुए है। लेकिन अपनों से बात न होने से परिजन परेशान है। गौरतलब हो कि जिले के अगरसंडा गांव से 21 जुलाई को बीडीसी सदस्य मुन्ना वर्मा के नेतृत्व में कांवरियों का जत्था 20 दिन की धार्मिक यात्रा पर निकला था।बस संख्या यूपी 54 टी 8131 पर सवार जत्था को बाबा धाम, अयोध्या, ऋषिकेश, माता वैष्णो देवी दर्शन इत्यादि धाम जाना था। गुरुवार को जत्था उत्तराखंड के ऋषिकेश पहुंचा था। वहां नीलकंठ महादेव मंदिर के दर्शन कर लौटते वक्त कांवरियों से भरी एक ओवरलोडिंग बस मुनिकीरेती के खारा स्रोत के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गई। दुर्घटना के बाद यात्रियों में चीख–पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस तथा एसडीआरएफ टीम ने आस–पास के लोगों के साथ बस में सवार यात्रियों को किसी तरह बाहर निकाला। घायलों को विभिन्न माध्यम से एसपीएस राजकीय चिकित्सालय ऋषिकेश पहुंचाया। हादसे में हल्दी थाना क्षेत्र के मझौवां निवासी इंदू देवी (50) पत्नी भरत की मौत हो गई, जबकि 51 यात्री घायल हो गए। 58 सीटर बस में लगभग 65 यात्री सवार थे। गंभीर रूप से घायल 10 यात्रियों को एम्स ऋषिकेश में रेफर किया गया है। 21 जुलाई को रवाना हुआ था जत्था फेफना थाना क्षेत्र के अगरसंडा गांव के बीडीसी मुन्ना वर्मा ने दूरभाष पर बताया कि 21 जुलाई को 65 लोग दर्शन के लिए रवाना हुए थे। इसमें अगरसंडा के करीब 20, मिड्ढा के सात, मझौवा के 10, पहाड़ीपुर के दो, निधरिया के




आठ, शहर व अन्य गांवों के कांवरियां शामिल थे। बाबा वैद्यनाथ व बासुकीनाथ का दर्शन करने के बाद जत्था अयोध्या पहुंचा, जहां से दर्शन करने के बाद उत्तराखंड के हरिद्वार गया। ऋषिकेश में दर्शन के बाद धर्म यात्रियों को जम्मू कश्मीर माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना होना था। लेकिन उत्तराखंड के ऋषिकेश में गुरुवार की शाम को बस पलट गई। हादसे में सवार सभी लोग घायल हो गए। इसमें से एक महिला की बस में दबने कारण मौत हो गई है। हादसे में घायल यात्री रिपोर्ट के मुताबिक बस हादसे में अनानिया, अमित, मीठी, सहदेवी, अंकित गुप्ता, अजीत कुमार गुप्ता, रानो देवी, मंजू देवी, गणेश चौरसिया, भोला वर्मा, विमला, शिवजी, पार्वती, अंशुल, फुलझड़ियां, अंकित, फुलवंती, अभय नारायण, सुधा वर्मा, प्रकाश चंद मेहता, झूलन, प्रमिला, गोपाल, इंदु, गीता चौरसिया, नाकपति, रेणु मेहता,आशा देवी, हरि कृष्ण वर्मा, जगदंबा पासवान, मीरा गुप्ता, मंजू गुप्ता, अनु, गुप्तेश्वर, ज्ञायंती सिंह, अमला, कुंती देवी, दुर्गावती, पुष्पा, विनोद यादव, अवधेश पांडे, शिव कुमारी चौरसिया, यशोदा देवी, मंजू देवी, संजय कुमार, निर्मल वर्मा, अवध किशोर, कौशल्या देवी, राजकुमार, संजय गुप्ता शामिल हैं।

## परंपरागत रास्तों से ही ताजिये लाए व ले जाए जा सकेंगे नई परंपरा नहीं कायम होगी– एसएसपी

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मोहर्रम के त्योहार को गंगा जमुनी तहजीब को कायम रखते हुए मनाए। मुहर्रम त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में एनेक्सी सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों पीस कमेटी सदस्य व मतवल्ली के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया जिससे मोहर्रम रक्षाबंधन शिवरात्रि का त्यौहार सकुशल संपन्न किया जा सके एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने ताजियेदारों से आह्वान किया कि वे नई परंपरा कायम नहीं करें और परंपरागत तौर तरीके ही अपनाएं। प्रशासन और ताजियेदार के मुखिया आपसी सामंजस कायम रखते हुए पुरानी परंपराओं के अनुसार जिन रूटों से ताजिया का जुलूस निकलता था उसी रूट से अपनी अपनी ताजिया का जुलूस निकाले यह सभी कार्य मुहर्रम प्रारंभ होने के पूर्व सुनिश्चित कर लें प्रशासन व ताजिया रखने वाले ताजिएदार के मुखिया एसएसपी ने एडिशनल एसपी व सर्किल अवसर को निर्देशित किया कि कहीं से किसी तरह की चूक न होने पाए। कहा कि कानून–व्यवस्था में खलल डालने वाले बख्शे नहीं जाएंगे,संदिग्धों पर पुलिस की पैनी नजर है। इतना ही नहीं मोहर्रम के दिन किसी भी प्रकार की लाठी डंडा भाला लेकर नहीं जाएगा,किसी प्रकार के अस्त्र और शस्त्र का प्रयोग करते कोई पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर दूसरे जगह होने वाले विवाद को लेकर स्थानीय स्तर पर बिना जाने कोई भी शेयर और पोस्ट किया उसके बाद अगर विवाद उत्पन्न हुई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने खास तौर पर मोबाइल का यूज करने वाले युवाओं को व्हाट्सएप फेसबुक पर अफवाह से बचने और इस तरह का





विवाद वाले फोटो वीडियो पोस्ट और शेयर के अलावा कमेंट करने से बचने की सलाह दी। इसके बाद मोहर्रम के त्यौहार को देखते हुए संवेदनशील जगहों पर पुलिस,पीएसी,महिला पुलिस,यातायात व अग्निशमन दल विशेष सतर्कता बरतने के लिए लगाए जाएंगे।कहां की सावन माह रक्षाबंधन का त्यौहार भी सामने है,इसमें आपस में भाईचारा बनाकर त्यौहार मनाया जाए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर एडीएम सिटी विनीत कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अरुण कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक डॉक्टर महेंद्र पाल सिंह सिटी मजिस्ट्रेट अंजनी कुमार सिंह अपर नगर आयुक्त दुर्गेश कुमार मिश्रा समस्त उप जिला अधिकारी व समस्त क्षेत्राधिकारी तथा गोरखपुर जनपद के पीस कमेटी सदस्य मतवाली तथा थाना अध्यक्ष बैठक में मौजूद रहे।

## अज्ञात बदमाशों ने घर पर चढ़कर बैंक कर्मी को मारी गोली : जिला अस्पताल में भर्ती : पुलिस अधीक्षक के लिए बड़ी चुनौती

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लाइन बाजार थाना क्षेत्रअंतर्गत पांडेपुर गांव में शुक्रवार सुबह उस समय अफरा तफरी मच गयी जब अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने बैंक कर्मी के घर पर चढ़ कर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर युवक को जख्मी कर दिया। गोलियों की आवाज सुनकर पूरा इलाका दहल गया। सूचना थानाध्यक्ष लाइन बाजार व क्षेत्राधिकारी शहर जितेंद्र दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई।घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उक्त गांव के निवासी अमित श्रीवास्तव पुत्र स्व0 ललित मोहन श्रीवास्तव अपने आवास पर सुबह बैठा था उसी समय एक बाइक पर सवार तीन युवक पहुंचे जिसमे से एक बदमाश ने अमित को लक्ष्य करके फायरिंग शुरू कार दी। गोली अमित के पैर में लगी है। फायरिंग की आवाज सुनकर पूरे गांव में सनसनी फैल गई उधर सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद आरोपियों की तलास में जुट गई है। घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि मामला पुरानी रंजिश का बताया जा रहा है।तहरीर मिली है मुकदमा दर्ज कर हमलावरों की तलाश किया जा रहा है।जल्द ही गिरफ्तार कर लिया



जाएगा।जिला अस्पताल पहुची पत्नी ने बताया कि मेरे पति को जमीनी रंजिश में गोली मारी गयी है।चार गोली चली है मारने वाले कौन लोग है हम उनको पहचानते नही है।घायल अमित श्रीवास्तव ने बताया कि हमलावरों ने जमीनी व घर के विवाद में गोली मारी है सुबह ये लोग मेरे घर आये और हमारी पत्नी से मुझे पूछ रहे थे कि मैं घर के पीछे से आ गया और ये लोग गोली चलाने लगे मेरे पैर में गोली लगी है। एक गोली मिस कर गयी मुझे पेट मे गोली मारने वाले थे मैं भाग गया ।

## छः दिन पूर्व घर से गायब किशोरी का शव कुएं में मिला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के चितौड़ी गांव में बीते छः दिन पूर्व घर से गायब 19 वर्षीय किशोरी का शव गुरुवार की शाम घर से करीब एक किलोमीटर दूर एक कुएं से मिला। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उक्त गांव निवासी उमेश गौतम की पुत्री यादिक गौतम बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। छात्रा बीते 23 जुलाई की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में घर से गायब हो गई। खोजबीन के पश्चात थाने पहुँचे परिजनों ने गुमसुदगी दर्ज करवाई। मृतका के घर से दूर एक कुएं में दुर्गंध उठने पर गांव के बकरी चरा रहे चरवाहे ने झांक कर कुएं में देखा तो ग्रामीणों को सूचना दी। थोड़ी ही देर में दर्जनों ग्रामीणों की भीड़ पहुँच गई। टार्च की रोशनी से कुएं में देखा गया तो किशोरी यादिक19वर्ष दिखी। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ओम नारायण सिंह ने बताया कि किशोरी की गुमशुदगी दर्ज है आज पता चला कि उसी की लाश कुएं में है शव को बाहर निकाल पोस्टमार्टम हेतु भेज आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## राकेश कुमार बदलापुर के नए तहसीलदार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद उन्नाव से स्थानांतरित होकर आए राकेश कुमार ने शुक्रवार को बदलापुर के तहसीलदार के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप चलाई जा रही योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना पहली प्राथमिकता होगी। जनसमस्याओं का निस्तारण त्वरित गति से किया जाएगा। तहसीलदार मृदुला दुबे अब न्यायिक तहसीलदार का कार्यभार संभालेंगी। यह जानकारी एसडीएम डॉ प्रदीप कुमार ने दी है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## 24 अगस्त को भारतीय उदय निर्माण पार्टी का होगा प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। यूनिक इण्डियन टेस्ट रेस्टोरेंट कैम्पवेल रोड न्यू हैदर गंज मार्ग चौक लखनऊ में प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय उदय निर्माण पार्टी में भाजपा संगठन समिति ट्रस्ट एवं ग्लोबल




गो रक्षा वाहिनी ने अपने समस्त पदाधिकारियों के साथ पार्टी में विलय कर दिया, तथा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी शर्मा ने यह भी जानकारी दी कि पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन दिनांक 24/08/2022 को रखा जायेगा जिसमें भारत के समस्त प्रदेशों से भारी संख्या में कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे इस मौके पर विलय हुए संगठन ग्लोबल गो रक्षा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नदीम अख्तर तथा महताब चौधरी, यूनुस राणा, जाहिद राणा मुल्ला जी ठाकुर अभयराम उपस्थित रहे ।

## सर्प दंश से अधेड़ की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कमासिन गांव निवासी एक अधेड़ की सर्प दंश से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची मीरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज दिया। मीरगंज थाना के कमान गांव निवासी 40 वर्षीय हरिशंकर बिंद पुत्र राजमणि बिंद चारपाई पर रात मे सोया हुआ था।शुक्रवार को 4 बजे भोर मे उसे शर्प ने डंस लिया। जिसकी जानकारी होने पर आनन फानन में परिजन झाड़ फूंक कराने ले गये आराम नही होने भदोही के एक निजी चिकित्सालय मे भर्ती कराया जहा उसकी मौत हो गई। जिससे परिवार में कोहराम मच गया हैं। परिजन शव लेकर घर आ गये और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष बृजेश कुमार गुप्ता का कहना है की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट : दोनों पक्षों से छह लोगों पर मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के राजपुर रूखार गांव निवासी संतलाल यादव व कल्पनाथ यादव के बीच रास्ते के विवाद को लेकर आए दिन गाली गलौज झगड़ा होता रहता था।बुधवार शाम को रास्ते के ही विवाद को लेकर दोनों पक्ष आपस मे लात घूसा लाठी डंडे से एक दूसरे पर मारने लगे।आसपास के लोगों द्वारा किसी तरह बीच बचाव किया गया।दोनों पक्षो से घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कराया गया वहीं कल्पनाथ यादव को बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद प्रथम पक्ष संतलाल यादव ने दूसरे पक्ष के कल्पनाथ यादव, पुत्र शनि कुमार,रामअवध के दो पुत्र जयप्रकाश व ओमप्रकाश पर मारने पीटने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया।वहीं द्वितीय पक्ष के कल्पनाथ यादव ने थाने में तहरीर देकर दूधनाथ,पुत्र संतलाल पर गाली गुप्ता देते हुए लात घुसा लाठी–डंडों से मारने पीटने का आरोप लगाते हुए कहा कि घटना के समय गांव के लोग आए और जाते समय धमकी दिए की थाने पर जाओगी तो जान से मार देंगे।ऐसे में स्थानीय पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया।इस सम्बंधा में थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ल ने बताया कि मामले की जांच करते हुए प्रथम पक्ष से चार व द्वितीय पक्ष से दो लोगो पर सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## फाइलेरिया रुग्णता प्रबंधन किटो का किया गया वितरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानगंज पर प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर मनीष केसरवानी की उपस्थिति में फाइलेरिया इंस्पेक्टर फाइलेरिया नियंत्रण इकाई जौनपुर दयाशंकर द्वारा फाइलेरिया के रोगियों को फाइलेरिया रुग्णता प्रवंधन योजना के अंतर्गत 75 किटों का वितरण किया गया।एक किट में एक प्लास्टिक बाल्टी, मग, साबुन,टब ,तौलिया एवं डी इ सी टेबलेट दिया गया ।इस अवसर विभिन्न ग्रामो की आसाओ संग 75 रोगी आए थे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
पवित्रता की शक्ति इतनी प्रबल है जो सारे विश्व के दुःख दूर कर सकती है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

# भाजपा महिला मोर्चा ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को अपशब्द कहने वाले अधीर रंजन चौधरी के खिलाफ किया प्रदर्शन


जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जौनपुर में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर दिए गए बयान को लेकर मोर्चा खोल दिया है। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह के नेतृत्व में भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जेसीज चौराहा पर धरना पदर्शन कर अधीर रंजन चौधरी को बर्खास्त करने की मांग की और अधीर रंजन चौधरी एवं कांग्रेस पर खूब हमला बोला। क्षेत्रीय मन्त्री मेनिका सिंह ने कहा कि जनजतीय महिला राष्ट्रपति को कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। कांग्रेस ने कई दशकों तक भारत पर शासन किया मगर उन्हें इस बात का विचार तक नहीं आया कि जनजातीय या दलित वर्ग से कोई शख्स राष्ट्रपति भी बन सकता है। बीजेपी ने बिना किसी पक्षपात के अल्पसंख्यक, दलित एवं जनजातीय वर्ग के प्रतिनिधि को राष्ट्रपति बनाकर इन श्रेणियों को भी सम्मान दिया। गांधी जी भी कांग्रेस के चरित्र के बारे में सोच रहे होंगे। जिलाध्यक्ष रागिनी सिंह ने कहा कि महिला विरोधी बयान को लेकर एक बार फिर कांग्रेस ने अपना मूल चरित्र उजागर किया है। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी द्वारा देश की



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी जनजातीय वर्ग, महिला एवं देश के संविधान का भी अपमान है। अधीर रंजन चौधरी को दोषी बताते हुए कही कि ऐसे दोषी को संसद में नहीं बैठने देना चाहिए, कांग्रेस के नेतृत्व को हम आगाह करते है कि अधीर रंजन चौधरी को बर्खास्त किया जाना चाहिए, सोनिया गांधी देश से क्षमा मांगे। क्योंकि जनजतीय बहन के राष्ट्रपति बनने से कांग्रेस के पेट मे दर्द है। अधीर रंजन ने सोनिया गांधी के संकेत पर देश की राष्ट्रपति एवं महिला का अपमान किया है। ये देश कांग्रेस को माफ नहीं करेगा। उक्त अवसर पर पुर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष माधुरी मौर्या, जिला महमंत्री विमला श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष राखी सिंह, जिला मंत्री करूंणा मौर्या, नगर अध्यक्ष सीमा तिवारी, नगर मंत्री विमला निषाद, नीलु सिंह, शिवांगी सिंह, नगर उपाध्यक्ष कमलेश निषाद, मनोज तिवारी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# विद्यालय में बाउंड्री न होने के कारण बच्चों को बना जान का खतरा

रिपोर्ट अजय सिंह ब्यूरो सीतापुर : परसैंडी सीतापुर ग्राम पंचायत मदनपुर प्राथमिक विद्यालय मैं बाउंड्री ना होने के कारण आवारा जानवर विद्यालय प्रांगण में घुसकर बैठते हैं और तांडव करते हैं कुछ आवारा जानवर विद्यालय जाने वाले छोटे–छोटे बच्चों को मारने के दौड़ा लेते हैं जिससे बच्चों के जान को हर पल खतरा बना रहता है परंतु ग्राम पंचायत की लापरवाही के कारण बाउंड्री व्यवस्था सुनिश्चित नहीं कराई



जा रही है शिक्षा विभाग के अधिकारियों से लेकर खंड विकास अधिकारी तक के द्वारा कई बार ग्राम पंचायत को कहां जा चुका है परंतु ग्राम प्रधान किसी भी अधिकारी के आदेश को मानने से साफ इनकार कर रहे हैं ग्राम प्रधान का कहना है कि सरकार जब अलग से बजट देगी तब विचार किया जाएगा

# सदस्यता से संगठन और आवाज मजबूत होंगे –इंदु प्रकाश यादव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अटेवा जौनपुर के पदाधिकारियों द्वारा आज पेंशन जागरूकता सहयोग सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक ब्लॉक वार नव दुर्गा मंदिर जौनपुर में की गयी। बैठक में अटेवा के सभी ब्लॉक अध्यक्ष ने पेंशन जागरूकता सदस्यता अभियान को बहुत ही उत्साह पूर्वक करने के लिए एकजुट दिखे ।लगभग सभी ब्लाको मे सदस्यता अभियान



की शुरुआत प्रारंभ की जा चुकी है ।शिक्षक कर्मचारियों मे गजब का उत्साह दिख रहा है ।उन सब को लग रहा है कि पेंशन का संघर्ष केवल अटेवा ही कर रहा है ।अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के प्रयास से राजस्थान ,छत्तीसगढ़, झारखंड में पुरानी पेंशन बहाल होने से सभी कर्मचारियों में आस जगी है ,की अटेवा बन्धु जी के नेतृत्व में एक दिन पूरे भारत मे पुरानी पेंशन बहाल कराकर शिक्षक, कर्मचारियों का मान ,सम्मान वापस दिलाएगा । आज की बैठक मे अध्यक्षता कर रहे जिला महामंत्री संदीप चौधरी ने सुझाव दिया कि ब्लाक मे न्याय पंचायत वार सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी दी जाए निजीकरण की खामियों से लोगो को आगाह किया जाय और पुरानी पेंशन बहाली की माँग को लेकर संघर्ष करने के लिए सभी तैयार रहें । बैठक मे जिला मीडिया प्रभारी इंदु प्रकाश यादव ने सभी पेंशन विहीन साथियों से अपील की आप सभी साथी अटेवा से जुड़ कर पेंशन की लड़ाई को मजबूती देने के लिए अधिक से अधिक शिक्षक ,कर्मचारियों को सदस्यता दिलाकर संगठन को मजबूत करें ।जिससे आने वाले लोकसभा चुनाव 2024 के पहले पुरानी पेंशन बहाल हो जाय । बैठक में जिला संयोजक चंदन सिंह डा कृपा निधि यादव, डा हरे कृष्ण सिंह, रत्ती लाल निषाद, डा रजी अहमद, मनीष यादव, आनंद निषाद, त्रिपुरेश कुमार ,यादवेंद्र यादव, सुबास सरोज, आशीष श्रीवास्तव ,टी एन यादव , रुद्रसेन यादव, अरविंद यादव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे!

# शारदा सहायक नहर कटी : तीन गांवों की सैकड़ों बीघा फसल डूबी : रिहायशी बस्तियों तक पहुंचा पानी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शेख असरखपुर गाँव गुरूवार की रात शारदा सहायक खंड 36 नहर का बंधा अचानक कट गया। तेज बहाव के साथ निकल रहे पानी से तीन गांवों की लगभग चार सौ बीघा फसल डूब गई। भोर होते होते पानी रिहायशी बस्तियों तक पहुंचने लगा। ग्रामीणो के तमाम प्रयास के बाद भी पानी रोका नहीं जा सका। गनीमत थी की पानी यहां से लगभग छह सौ मीटर आगे जाकर बिरवन के नाले में उतर गया। यह नाला घूमते हुए गोमती नदी से जुड़ा हुआ है। जिससे पानी नदी में जाने लगा। मौके पर पहुँची पुलिस ने नहर विभाग को सूचना देकर जलापूर्ति बंद कराया। तब जाकर किसानों ने राहत की सांस लिया। उक्त गाँव के ईंट भट्ठा के पास रात लगभग ग्यारह बजे अचानक शारदा सहायक नहर कट गई। तेज बहाव के साथ पानी खेतो में उतरने लगा। आधी रात के बाद पानी जब राजभर और दलित बस्ती के पास पहुंच गया तो लोगों को इसकी जानकारी हुई। दर्जनो ग्रामीण फावड़ा लेकर नहर पर पहुंच गये। तब तक नहर का बंधा लगभग 15 फिट कट चुका था। तीव्र वेग से पानी का रेला बाहर खेतो की तरफ निकल रहा था। वे भागकर घर आ गये। इसकी सूचना पुलिस और नहर विभाग को दी गई। पानी की आपूर्ति रोक दिए जाने के बाद भी नहर में भरा पानी दूसरे दिन भोर तक खेतो में उतरता रहा। जिससे उक्त गाँव सहित ताजूपुर और इमामपुर गांवों की चार सौ बीघा से अधिक धान की फसले डूब गयीं।

# अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत व एक घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के वाराणसी लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर लहंगपुर गांव के पास गुरुवार को सुबह साढ़े नव बजे अज्ञात वाहन के चपेट में आने बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ।स्थानीय लोगो ने दोनो घायलों को एंबुलेंस से पीएचसी पिंडरा वाराणसी भेजा। जहां चिकित्सको ने एक को मृत घोषित कर दिया। 29 वर्षीय सूरज पुत्र हौसला प्रसाद निवासी बाकरपर थाना करोंदी जिला सुल्तानपुर अपने साले 20वर्षीय सूरज पुत्र तेजू निवासी हैदरापुर गायत्रीनगर थाना खुटहन को साथ लेकर बाइक से वाराणसी दवा लेने जा रहा था ।वाराणसी जौनपुर बाडर पर लहंगपुर गांव के पास सामने से आ रहे किसी वाहन से बाइक की टक्कर जोरदार टक्कर हो गई ।जिससे दोनो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए ।स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनो घायलों को पीएचसी पिंडरा वाराणसी भेजा गया। जहां चिकित्सको ने सूरज को मृत घोषित कर दिया ।सूचना पर पहुंची जलालपुर थाना की पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनो को दिया और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक करवाई करने में जुट गई है।

# भाजपा जिला कार्यालय पर किसान मोर्चा के जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज भाजपा जिला कार्यालय पर किसान मोर्चा के जिला कार्यसमिति की बैठक जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा नरेन्द्र उपाध्याय के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा काशी प्रसाद तिवारी, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री किसान मोर्चा डॉ जयनाथ मिश्र, क्षेत्रीय मंत्री किसान मोर्चा अर्चना शुक्ल रहीं। कार्यक्रम का सुभारम्भ पार्टी के पुरोधा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एव पण्डित दीन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर की गई। मुख्य अतिथि काशी नाथ तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों के लिए जितनी योजनाएं लागू की जा रही हैं, उतनी किसी भी सरकार में नहीं हुई। चाहे वह किसान सम्मान निधि हो या किसानों की उपज खरीदने का मामला। नीम कोटेड यूरिया के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्धता भाजपा सरकार ने कराई। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री जय नाथ मिश्रा ने कहा कि किसान देश की नींव है। देश की मूलभूत संरचना में किसान का महत्वपूर्ण योगदान है। आगे आने वाले चुनाव में पूरे देश में किसान एक विशेष मुद्दा बनकर खड़ा है। भाजपा का किसान मोर्चा इस बार आगे आने वाले चुनाव में युद्ध की रणनीति में सेनापति की भूमिका में है। जिलाध्यक्ष नरेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार किसानों के लिए अनेक कार्यक्रम चला रही है। इसका लाभ किसानों को



मिल रहा है। भाजपा गरीब, किसान के लिए काम करती है। यूपीए गठबंधन सामंतवादी किसान को संरक्षण देती है। आम किसानों के विरुद्ध काम करती है। भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है यहां सभी को समान अवसर मिलता है भाजपा किसानों के हित में काम करती है। कार्यक्रम कासंचालन जिला उपाध्यक्ष घनश्याम यादव ने किया। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री प्रदीप यादव, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, उपाध्यक्ष गण राहुल दूबे, नीरज मौर्य, जिला मंत्री भुपाल सिंह, अनिल सिंह शक्ति, ज्ञान त्रिपाठी, संजय सिंह, उमेश शुक्ला, दिनेश सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी आशुतोष कुमार उपाध्याय, शोशल मिडिया प्रभारी दूर्गेश मिश्र, कार्यालय प्रभारी सतीश खरवार, सन्दीप सिंह और समस्त जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष गण मौजूद रहे।

# डीएम ने किया सीएचसी का औचक निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उनके पहुंचते ही स्वास्थ्य कर्मियों में अफरा– तफरी मच गयी। लगभग 12:30 बजे डीएम की गाड़ी परिसर में खड़ी होते ही चिकित्सक सहित कर्मचारियों में अफरातफरी मच गयी । वह सीधे ओपीडी में मरीजों का परीक्षण कर रहे अधीक्षक डॉ संजय दुबे के कक्ष में पहुंच गये। उन्होंने मरीजों की पर्ची को देखा! पर्ची में बाहर की दवा चिकित्सक द्वारा नहीं लिखी गयी थी! जिस पर उन्होंने संतोष जताया! उन्होंने ओपीडी रजिस्टर , दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी सेन्टर , उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया । इसके बाद उन्होंने वार्ड में पहुंचकर भर्ती मरीजों से सरकार द्वारा मिल रही सुविधाओं के विषय में पूछतांछ किया। भर्ती मरीजों ने बताया कि यहां सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। वह कोरोना वार्ड, प्रसव कक्ष,एक्सरे कक्ष , आक्सीजन प्लांट सहित विभिन्न पटलों का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद परिसर की साफ–सफाई को देखा। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राकेश मौर्या से उन्होंने परिवार कल्याण, आशा एवं ए एन एम के क्रिया कलापों के बारे में विस्तृत जानकारी लिया! सीएचसी की ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ उनके समुचित इलाज को लेकर जिलाधिकारी संतुष्ट दिखे। इस अवसर पर डॉ संजय दुबे डॉ गौरव सिंह, डा. रिचा दुबे, डा. कोविदेन्द्र तिवारी, डा. कुमार गौरव सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## नाबालिक युवक ने किया बच्चे से दुष्कर्म : आरोपी की तलाश में लगी पुलिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक सात वर्षीय बच्चे के साथ गांव के ही एक नाबालिक युवक ने अप्राकृतिक दुष्कर्म कर दिया बच्चे की चीख सुनकर जब आस पास के लोग इकट्ठा हुए तो आरोपी युवक मौके से फरार हो गया पीड़ित बच्चे को परिजन एक निजी अस्पताल में ले गए जहां बच्चे का इलाज कराया गया पीड़ित बच्चे के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की थाना क्षेत्र के एक गांव में बृहस्पतिवार की शाम गांव का रहने वाला एक एक सात वर्षीय बच्चा अपने घर के बरामदे में अकेले सोया था घर के अन्य लोग अपने कार्य मे ब्यस्त थे तभी पड़ोस का रहने वाला एक नाबालिक युवक बरामदे में घुस गया और चारपाई पर सोये बच्चे के साथ दुष्कर्म करने लगा जब बच्चे ने रोना शुरू किया तब आरोपी युवक भाग निकला इस बात को लेकर क्षेत्र में चर्चा जोरों पर है। इस बारे में पूछे जाने पर थानेदार विक्रम लक्ष्मण सिंह का कहना है कि मामले की तहरीर मिली है आरोपी की तलाश की जा रही है उचित कार्यवाही की जाएगी

# भूमि विवाद मे दबंग पड़ोसी ने शिक्षक व उसके माँ बाप को पीटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बीरपालपुर गाँव में गुरुवार को भूमि विवाद को लेकर दबंग पड़ोसी ने शिक्षक व उसके माता पिता को लाठी डंडा से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने पांच लोगो के खिलाफ नामजद तहरीर थाने में दिया है। जब कि दूसरा पक्ष फरार बताया जा रहा है। गाँव निवासी कमला प्रसाद का आरोप है कि वह अपने घर के बरामदे में बैठे हुए थे। तभी पड़ोसी एक युवक कुल्हाड़ी से उनके घर के सामने लगे करौंदे के पेड़ को काटने लगा। मना करने पर उसके पक्ष से चार और लोग लाठी डंडा लेकर आ गये। अचानक उसे घेर कर पीटने लगे। बचाव को आया पुत्र मोहित जो कि परिषदीय विद्यालय में शिक्षक है। उसे भी पीटने लगे। पुत्र और पति का बचाव करने पहुँची राजकुमारी देवी को भी दबंगो ने नहीं छोड़ा। उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया। तीनों घायलो का उपचार सीएससी पर कराया गया।

## जिलाधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर का किया गया औचक निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने उपस्थिति पंजिका, ओपीडी रजिस्टर, दवा स्टॉक देखा। उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण में दो चिकित्सक अनुपस्थित मिले जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों चिकित्सकों का स्पष्टीकरण लेने के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, लेबर रूम, मेडिकल स्टोर आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण में सीएचसी पर सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध मिली और उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 संजय दुबे को निर्देश दिया कि बाहर की दवा नहीं लिखी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई दवा जो सीएचसी पर उपलब्ध नहीं है तो उसे जिला मुख्यालय से मंगवा लिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि जितने भी मरीज सीएचसी पर इलाज कराने आ रहे हैं यदि उनका आयुष्मान कार्ड बना है तो उनका इलाज उसी कैटेगरी में किया जाए। लेबर रूम के निरीक्षण के दौरान स्थिति संतोषजनक पाई गयी। उन्होंने पाया कि कल कुल 8 डिलीवरी हुई थी। जिलाधिकारी द्वारा लेबर रूम में भर्ती मरीज



सुनीता एवं सीमा से वार्ता कर उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी भी ली। ग्राम पंचायत गौरा खुर्द की आशा से डिलीवरी के उपरांत क्या क्या सेवाएं दी जानी है, के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने आशा से कहा कि किसी भी बच्चे की मृत्यु इलाज के अभाव में नहीं होनी चाहिए, यदि उनकी स्थिति गंभीर हो रही है तो तुरंत जिला अस्पताल भेज दिया जाए। इस अवसर पर स्टाफ नर्स ममता राय, कामना सिंह, फूलमती देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## लायन्स क्लबो द्वारा गोद लिए जा रहे टीबी मरीज –मुस्तफा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : लायन्स क्लब इन्टरनेशनल मण्डल 321–ई की एक विशेष मीटिंग टीबी रोगियों के सबंध में, मण्डल टीबी उन्मूलन चेयरमैन सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा की अध्यक्षता में स्थान कुमुद नर्सिंग होम ताड़तला स्थित लायन्स एरिया सचिवालय में हुई, जिसमें टीबी जैसी बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए बड़ी मुहिम शुरु करते हुए राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने हेतु मण्डल के लायन्स क्लबो को टीबी मरीजों को गोद लेने हेतु प्रेरित किया गया। टीबी मुक्त राष्ट्र बनाने के लिए सभी लायन्स क्लबो ने संकल्प लिया। इस अवसर पर एरिया लीडर डा क्षितिज शर्मा ने कहा कि इस सत्र में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सौरभ कांत ने जौनपुर के सै. मोहम्मद मुस्तफा को मण्डल टीबी उन्मूलन चेयरमैन पद पर मनोनीत कर लायन्स क्लबो के माध्यम से लोगों को टीबी बीमारी से बचाने हेतु जागरुकता व सेवा कार्य करने की जिम्मेदारी सौपी है। आगे डा क्षितिज ने कहा कि लोगो को जागरूक करें, उन्हें बीमारी के लक्षण बताएं ताकि लोग लक्षण दिखते ही मरीज की समय से जांच कराने के साथ इलाज शुरू कर सके। सै. मोहम्मद मुस्तफा ने कहा कि भारत में टीबी का प्रभाव सबसे ज्यादा है। गरीब इंसान सबसे ज्यादा इसका शिकार होता है। इसलिए आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 2025 तक देश को टीबी मुक्त राष्ट्र बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसीलिये इस राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन अभियान में सहयोग प्रदान करने के लिए मण्डल के लगभग 80 लायन्स क्लबों द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें नियमित दवा लेने और सेहत का विशेष ध्यान देने के लिए



प्रेरित करते हुए उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान करते हुए सेवा करेगें। आगे मुस्तफा ने कहा कि जनपद जौनपुर में छरू लायन्स क्लब ने टीबी मरीजों को गोद लिया है तथा लायन्स मण्डल के अन्तर्गत गोरखपुर, मिर्जापुर, राबर्ट्सगंज, रेनूसागर, ओबरा, सिंगरौली, बैढन, वाराणसी, प्रयागराज, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, अयोध्या, भदोही, ज्ञानपुर, बलिया, मऊ, आजमगढ़, आदि जनपद में कुछ लायन्स क्लबो ने मरीजों को गोद ले लिया है तथा और लायन्स क्लब मरीजों को गोद लेने की प्रक्रिया में है। जिससे टीबी को पूरी तरह से खत्म करने के लक्ष्य को समय से पूरा करते हुए लोगों को इस बीमारी से बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि टीबी रोगियों को गोद लेने हेतु जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी या जिला क्षयरोग अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर लायन्स क्लब जौनपुर अध्यक्ष संदीप गुप्ता, डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राकेश श्रीवास्तव, रीजन चेयरमैन अशोक मौर्य, जोन चेयरपर्सन प्रतिमा गुप्ता, संतोष साहू बच्चा, डा शिवानन्द अग्रहरि सहित कई क्लबो के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्य मे लापरवाही बरतने मे एक एसआई दो सिपाही निलम्बित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाने के बंधवा बाजार बूथ पर तैनात एक एसआई एक दिवान एक सिपाही को पुलिस अधीक्षक ने कार्य मे लापरवाही के आरोप मे निलम्बित कर दिया। जिससे पुलिस महकमे मे हडकंप मचा हुआ है। मीरगंज थाना के बंधवा बाजार पुलिस बूथ पर तैनात उपनिरिक्षक चन्द्रकेश शर्मा हेड कांस्टेबल रणजीत सिह कास्टेबल रामदेव को पुलिस अधीक्षक ने निलम्बित कर दिया। बताया जाता है की मीरगंज थाना मे रामगढ़ गांव मे एक पक्ष ने पुलिस पर जबरी निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाया था बताया जाता है की बरावां गांव के एक व्यक्ति ने रामगढ़ मे जमीन खरीदी थी जिस पर विवाद चल रहा था रामगढ़ गांव के व्यक्ति ने उस जमीन पर निर्माण कर लिया था जिस पर बरावा गांव के व्यक्ति ने पुलिस पर जबरी निर्माण करा देने का आरोप लगाया था तीनो पुलिस कर्मी बंधवा बाजार बूथ पर तैनात थे। उन्ही पर आरोप लगा था जानकारी के मुताबिक बरावा गांव की महिला पूलिस के खिलाफ मुख्यमंत्री दरबार मे पहुच कर गुहार लगा दी थी जिस पर यह कार्यवाही हुई। निलम्बन की कार्यवाही से पुलिस महकमे मे हडकंप मच गया। सीओ मछलीशहर अतर सिह का कहना है की कार्य की लापरवाही मे मीरगंज के एक उपनिरिक्षक दो पुलिस कर्मी को निलम्बित किया गया है।

## सहकारी इंटर कॉलेज मिहरांवा में शाखा इकाई का निर्वाचन संकुशल संपन्न

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर के विद्यालय इकाई सहकारी इंटर कॉलेज मिहरांवा में शाखा इकाई का निर्वाचन चुनाव अधिकारी वरिष्ठ प्रवक्ता रघुवीर रजक तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवशंकर यादव की देखरेख में संपन्न हुआ जिसमें अवधेश कुमार सिंह को अध्यक्ष तथा मोहम्मद ताहिर को मंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। शाखा में दिनेश यादव एवम राजकुमार को उपाध्यक्ष तथा तेजबहादुर को संयुक्त मंत्री,देवेंद्रनाथ को कोषाध्यक्ष,शांतिलाल को आय व्यय निरीक्षक, पंकज कुमार मीडिया प्रभारी,गृजेश वर्मा,अशोक राम,पूजा यादव, सुधा गुप्ता,दिनेश कुमार सरोज, डा.संतोष कुमार सिंह,विनय तिवारी जिला प्रतिनिधि निर्वाचित घोषित किए गया। जनपद उपाध्यक्ष एवम् शाखा के संरक्षक राजेश यादव वरिष्ठ शिक्षक सुभाष चंद्र उपाध्याय ने नवगठित कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह तथा जिलामंत्री प्रमोद कुमार सिंह ने




नवगठित कार्यकारिणी को अपनी बधाई दी तथा उम्मीद व्यक्त किया कि अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विद्यालय इकाई जनपद जौनपुर के संगठन को मजबूती के साथ सहयोग करेगी जिससे समस्याओं के निस्तारण में साथियों को लाभ मिलेगा।

# यूबीआई एटीएम से संदिग्ध युवक को पुलिस ने हिरासत में लिया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केराकत कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय थानागद्दी बाजार स्थित यूनियन बैंक के एटीएम केंद्र के पास से एक संदिग्ध युवक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। आज बुधवार की शाम यूनियन बैंक की शाखा थानागद्दी के पास एटीएम केंद्र पर एक संदिग्ध युवक को देख वहां उपस्थित अन्य ग्राहको ने विरोध जताया। उपभोक्ताओं द्वारा विरोध करने पर बैंक ड्यूटी कर रहे गार्ड ने युवक को पकड़ कर पूछताछ करने लगा। अपने साथी को गार्ड की गिरफ्त में देख मौके का फायदा उठाते हुए उसके दो अन्य साथी बाइक से भाग निकले ।पकड़ा गया युवक अपना नाम अनिल कुमार ग्राम लपरी थाना सरायख्वाजा जौनपुर बताया। सुरक्षाकर्मी ने स्थानीय पुलिस चौकी को सूचना देकर संदिग्ध युवक को पुलिस को सौप दिया ।मालूम हो कि इसके पूर्व इसी एटीएम केंद्र पर बैंक उपभोक्ता ठगी के शिकार हो चुके है।

# धौलपुर अचलेश्वर महादेव मंदिर का शिवलिंग दिन में तीन बार बदलता है रंग

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। राजस्थान के धौलपुर में अचलेश्वर महादेव मंदिर रोज 3 बार बदलता है शिवलिंग का रंग। धौलपुर का यह शिवलिंग दिन में 3 बार अपना रंग बदलता है। शिवलिंग का रंग दिन में लाल, दोपहर को केसरिया और रात को सांवला हो जाता है। ऐसा क्यों होता है इसका जवाब अब तक किसी वैज्ञानिक को नहीं मिल सका है। कई बार मंदिर में रिसर्च टीमें आकर जांच–पड़ताल कर चुकी हैं। फिर भी इस चमत्कारी शिवलिंग के रहस्य से पर्दा नहीं उठ सका है।भगवान शिव को वेदों और शास्त्रों में परम कल्याणकारी और जगदगुरू बताया गया है। यह सर्वोपरि तथा सम्पूर्ण सृष्टि के स्वामी हैं। भारत में एक भगवान शिव ही ऐसे हैं जिन्हें कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी और गुजरात से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक सभी समान रूप से पूजते हैं. भगवान शिव की मान्यता भी पूरे भारत में समान ही है। आइये आज पढ़ते हैं शिव भगवान के एक ऐसे चमत्कारिक शिवलिंग की बारे में जो दिन में तीन बार अपना रंग बदलता है. इस मंदिर की महिमा और महत्त्व का आज तक लोगों को पता नहीं होने की वजह से लोग यहाँ कम संख्या में ही पहुँच पाते हैं। अगर आप भगवान शिव के 'अचलेश्वर महादेव' मंदिरो को खोजते हैं तो आप इस नाम से पूरे भारत में कई मंदिरों को देख सकते हैं. किन्तु यदि आप चमत्कारिक, रंग बदलने वाले शिवलिंग को खोजते हैं तो आप राजस्थान के धौलपुर जिले में स्थित 'अचलेश्वर महादेव' मन्दिर के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. धौलपुर जिला राजस्थान और मध्य प्रदेश की सीमा पर स्थित है। यह इलाका चम्बल के बीहड़ों के लिये भी प्रसिद्ध है। कभी यहाँ बागी और डाकूओं का राज हुआ करता था. इन्ही बीहड़ो में मौजूद है, भगवान अचलेश्वर महादेव का मन्दिर। इस मंदिर की सबसे बड़ी खासियत है यहां स्थित शिवलिंग दिन मे तीन बार रंग बदलता है। यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। सुबह के समय इसका रंग लाल रहता है तो दोपहर को केसरिया और रात को यह चमत्कारिक शिवलिंग श्याम रंग का हो जाता है। इस शिवलिंग के बारें में एक बात और भी प्रसिद्ध है कि इस शिवलिंग का अंत आज तक कोई खोज नहीं पाया है।आसपास के लोग बताते हैं कि




बहुत साल पहले इस शिवलिंग के रंग बदलने की घटना का पता लगाने के लिए खुदाई हुई थी. तब पता चला कि इस शिवलिंग का कोई अंत भी नहीं है. काफी खोदने के बाद भी इस शिवलिंग का अंत भी नहीं हुआ. तबसे इस शिवलिंग की महिमा और भी बढ़ चुकी है। अचलेश्वर महादेव के रंग बदलने के पीछे कौन–सा विज्ञान है इस बात के लिए पुरातत्व विभाग भी यहाँ कार्य कर चुका है लेकिन सभी इस ईश्वरीय शक्ति के सामने हार मान चुके हैं। मंदिर की महिमा का व्याख्यान करते हुए पुजारी बताते हैं कि यहाँ से भक्त खाली नहीं जाते हैं. खासकर युवा लड़के और लड़कियां यहाँ अपने करियर, नौकरी और विवाह संबंधित समस्याओं के साथ आते हैं और यह भगवान शिव की महिमा ही है कि वह सबकी मुरादे पूरी भी करते हैं। साथ ही साथ पुजारी यह भी बताते हैं कि इस मंदिर का महत्त्व तो हजारों सालों से जस का तस है किन्तु फिर भी बहुत अच्छी संख्या में भक्त इसलिए नहीं आ पाते हैं क्योकि यहाँ आने वाला रास्ता आज भी कच्चा और उबड़–खाबड़ है।आज भी यह एक रहस्य ही है कि इस शिवलिंग का उद्भव कैसे हुआ और कैसे ये अपना रंग बदलता है. भगवान अचलेश्वर महादेव का यह मन्दिर हजारों साल पुराना बताया जाता है। यह शिवलिंग एक प्राचीन चट्टान से बना हुआ है और देखने से ऐसा भी प्रतीत होता है कि जैसे किसी पहाड़ को काटकर यहाँ रख दिया गया है।अब आप इसे चाहें तो भगवान का चमत्कार भी बोल सकते हो और यदि विज्ञान को मानते हो तो इस बात का पता लगाने के लिए इस पहेली पर काम भी कर सकते हो। बात चाहे जो भी हो किन्तु यदि आप कभी धौलपुर (राजस्थान) जायें तो एक बार भगवान 'अचलेश्वरमहादेव' के दर्शनों का लाभअवश्य उठायें।

# चौथे दिन भी स्वास्थ्यकर्मियों ने किया 2 घंटे कार्य बहिष्कार : लोकबंधु में हुई गेट मीटिंग

लखनऊ डीकेयू ब्यूरो : अनियमित स्थानांतरण निरस्तीकरण पर कोई निर्णय ना होते देख आज चौथे दिन भी चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने प्रातः 2 घंटे कार्य बहिष्कार कर जगह–जगह प्रदर्शन किया । पूरे प्रदेश में प्रदर्शन कर रहे चिकित्सा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने इसे शासन की मनमानी बताते हुए कहा कि 2 घंटे का कार्य बहिष्कार कल भी जारी रहेगा, इसके उपरांत भी अगर नीति विरुद्ध स्थानांतरणों को निरस्त नहीं किया गया तो अगले बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी, जिसमें चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के साथ ही राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से जुड़े अन्य विभाग भी शामिल हो जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन की होगी । आज लखनऊ में प्रांतीय पदाधिकारियों ने एलडीए स्थित लोकबंधु चिकित्सालय में गेट मीटिंग की जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश रावत एवं महामंत्री अतुल मिश्रा के साथ विभिन्न संवर्गों के अध्यक्ष और मंत्री उपस्थित रहे । ज्ञातव्य है कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ0प्र0 के आवाहन पर स्वास्थ्यकर्मियों ने अलग अलग सांकेतिक आंदोलन के बाद 2 घंटे कार्यबहिष्कार का निर्णय लिया था । कार्य बहिष्कार प्रदेश के सभी चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सफल हुआ, साथ ही फील्ड में काम कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों ने भी प्रातः 2 घंटे कार्य बहिष्कार कर अपना विरोध दर्ज कराया । महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि महानिदेशालय द्वारा स्थानांतरण नीति के विरुद्ध अनेक मान्यता प्राप्त संगठनों के पदाधिकारी विकलांग और विकलांग आश्रित दांपत्य नीति से आच्छादित 2 वर्ष से कम सेवा अवधि वाले कार्मिकों का भी स्थानांतरण कर दिया है जिसके



विरोध में जगह जगह अलग–अलग चिकित्सालय में कर्मचारी एकत्रित होकर नीति विरुद्ध स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग करते हुए नारेबाजी की और प्रदर्शन किया । सी एच सी सरोजनीनगर में सतीश यादव के नेतृत्व में जमकर प्रदर्शन हुआ। लोहिया चिकित्सालय में डी डी त्रिपाठी सहित विभिन्न चिकित्सालयों में अनेक पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम का नेतृत्व किया । परिषद के प्रांतीय महामंत्री अतुल मिश्रा अध्यक्ष सुरेश रावत ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि तत्काल स्थानांतरण निरस्त किए जाए अन्यथा की स्थिति में कार्य बहिष्कार सांकेतिक रूप से दो घंटे के रूप में 30 जुलाई तक अनवरत चलता रहेगा । तदोपरांत बड़े आंदोलन का भी निर्णय लिया जा सकता है।

# चाय पीते वक्त पत्रकारों को गोली मारने वाला बदमाश गिरफ्तार : बताया– क्यों मारी थी गोली

सोनभद्र ब्यूरो : बिहार सीमा से सटे सोनभद्र जिले के खलियारी बाजार में दो पत्रकारों को गोली मारने के मामले का शुक्रवार को पुलिस ने पर्दाफाश किया। घटना में शामिल एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। उसके एक अन्य साथी ने कुछ दिनों पहले ही भभुआ (कैमूर) कोर्ट में समर्पण किया था। पुलिस का दावा है कि घटना से पहले हुई कहासुनी के कारण नशे में धुत बदमाशों ने पत्रकारों पर हमला किया था। रायपुर थाना क्षेत्र के खलियारी बाजार में 14 जुलाई की रात करीब साढ़े आठ बजे एक चाय–नाश्ते की दुकान पर बैठे पत्रकार श्याम सुंदर पांडेय व विजय शंकर पांडेय चाय पी रहे थे। खतरे से बाहर दोनों पत्रकार इसी दौरान बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी थी। गोली लगने से गंभीर दोनों पत्रकारों को वाराणसी रेफर किया गया था। वहां से उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी। इस मामले में पुलिस अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध केस दर्ज कर छानबीन कर रही थी। शुक्रवार को प्रेस वार्ता करते हुए एएसपी विजय शंकर मिश्र और सीओ राहुल पांडेय ने बताया कि छानबीन में भभुआ जिले के चांद थाना अंतर्गत पाही गांव निवासी बृजेश जायसवाल और चौनपुर थाना अंतर्गत डूमरकोन निवासी कृष्णा यादव का नाम प्रकाश में आया। मुखबिर की सूचना पर बृजेश को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल और कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उसने बताया कि 14 जुलाई को दोनों राबर्ट्सगंज की ओर से गए थे। खलियारी बाजार से कुछ दूर पहले उनका दो लोगों से विवाद हो गया। इसी द्वेष में हुलिए के आधार पर दोनों ने दुकान पर बैठे पत्रकारों पर गोली चलाई थी। उन्हें लगा था कि विवाद करने वाले वही दोनों लोग हैं। एएसपी ने बताया कि कृष्णा यादव ने पिछले दिनों भभुआ कोर्ट में सरेंडर किया है। उसे रिमांड पर लेने की कोशिश की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में रायपुर थाना प्रभारी प्रणय प्रसून श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल सत्यजीत यादव, जितेंद्र सिंह, अमरनाथ यादव शामिल रहे।

# काफी अरसे बाद अयोध्या में मांझा जमथरा में अवैध प्लाटिंग पर गरजा बुलडोजर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) काफी अरसे बाद राम नगरी अयोध्या की सरयू नदी के डूब इलाके मांझा जमथरा व गौरापट्टी में अयोध्या विकास प्राधिकरण का बुलडोजर गरजा। सूत्र के मुताबिक इस दौरान एक साथ 5 बुलडोजर के साथ पहुंची प्राधिकरण की टीम की कार्रवाई से भू माफिया चकित रह गए।वही कुछ लोगों का कहना था कि इस दौरान प्राधिकरण के कड़े रुख के आगे माफियाओं का जुगाड़ काम न आयासवे अपने आकाओं को फोन मिलाते रहे और बाबा का बुलडोजर उनके हवाई सपनों के महल को ढेर करता रहास स्थानीय लोगों के मुताबिक सचिन जायसवाल नाम के प्रॉपर्टी डीलर ने सरयू नदी के डूब इलाके में अवैध प्लाटिंग कर रखी थी।इस संबंध सरयू नगर विकास समिति ने डीएम नीतिश कुमार, अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह और एसएसपी प्रशांत वर्मा ने इस संबंध में शिकायत की थीसइस समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने आरोप लगाया था कि एआरओ भान सिंह के संरक्षण में मांझा जमथरा में अवैध प्लाटिंग चल रही है। मोटी रकम लेकर सरकारी जमीन पर भू माफियाओं को नकली कागज बनाकर कब्जा दिया जा रहा है।

# नित्य क्रिया के लिए गई विवाहिता के साथ की गई गलत हरकत : कार्यवाही न होने पर पीड़ित पहुची सीओ बीकापुर के कार्यालय


अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के हैदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी घर से नित्य क्रिया के लिए खेत की तरफ गई विवाहिता के साथ दो आरोपियों द्वारा अश्लील हरकत करने और छेड़छाड़ करने का मामला प्रकाश में आया है। सूत्र के मुताबिक पीड़ित द्वारा आरोपियों के विरुद्ध हैदरगंज थाने में दी गई तहरीर पर कोई कार्यवाही ना होने के बाद बुधवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की गई है। वही पीड़िता द्वारा पुलिस क्षेत्राधिकारी को दिए गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि 24 जुलाई को वह शौच के लिए गांव के बाहर गन्ने के खेत में गई थी। वहां रंडौली पश्चिम पाली निवासी दोनों आरोपी घात लगाकर बैठे थे। उन्हें अकेले देख कर जबरदस्ती उनका



हाथ पकड़कर गन्ने के खेत में गलत नियत से ले जाने लगे। शोर मचाने के बाद जब लोग दौड़े तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए लात घुसा से मारा–पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

# अयोध्या राम मन्दिर निर्माण कार्य प्लिंथ का काम 15 अगस्त तक हो जाएगा पूरा

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। श्रीराम जन्मभूमि पर चल रहे मंदिर निर्माण में प्लिंथ का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। यह कार्य 15 अगस्त तक पूरा हो जाएगा। इसी के साथ मंदिर के गर्भगृह मे महापीठ बनने के बाद अब परिक्रमा पथ का निर्माण आरंभ कर दिया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा बुधवार को जारी की नई तस्वीर में मंदिर निर्माण के बनाये जा रहे चबूतरे का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। कर्नाटक से मंगाए जा रहे 17000 ग्रेनाइट पत्थरों से मंदिर का चबूतरा बनाया जा रहा है। और इस निर्माण में चार टावर क्रेन व दर्जनों मजदूर लगाए गए हैं। राम मंदिर के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। दिसंबर 2023 तक मंदिर के भूतल के निर्माण का कार्य पूरा करने व भगवान श्री रामलला को गर्भगृह में विराजमान कराये जाने के लक्ष्य को लेकर कार्य किया जा रहा है। इसी के तहत मंदिर के फर्श को बनाये जाने के लिए कर्नाटक के 17000 ग्रेनाइट पत्थरों से बनाये जा रहे हैं। अब तक लगभग 12000 पत्थरों को लगाए जाने का कार्य भी पूरा हो चुका है। अगस्त माह में बचे 5000 पत्थरों को लगाए जाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। जिस पर राजस्थान के तरासे गए पत्थरों से मंदिर का निर्माण किया जाएगा। राम





जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण के साथ रिटेनिंगवाल व परकोटे के निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है ट्रस्ट के मुताबिक रिटेनिंगवाल के निर्माण में तीन दिशा में लगभग 12 मीटर ऊँचे भराई का कार्य किया जा चुका है। यानी भूतल के बराबर कार्य किया जा रहा है। जिसके बाद उस पर परकोटे का निर्माण किया जाएगा। जिसमे श्रद्धालुओं के लिए देखने कुछ समय तक रुकने जैसी सुविधा होगी।

# थाना निगोही व एस.ओ.जी. की पुलिस टीम द्वारा लाखों रुपये की अंग्रेजी शराब बरामद

उमाकान्त श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ शाहजहाँपुर : पुलिस अधीक्षक एस आनन्द के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम एवं मादक पदार्थो का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियो , वांछित एंव वारंटी अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के चलते थाना निगोही पुलिस एवँ एस ओ जी टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई । वृहस्पतिवार की रात प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह एवँ एस ओ जी प्रभारी रोहित कुमार के नेतृत्व में निगोही पुलिस एवँ एस ओ जी टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र में पड़ने वाले कैमुआ पुल के पास आधी रात के समय बीसलपुर रोड से बरेली जनपद के थाना बहेड़ी के गाँव बांस बोझ निवासी अजय पाल एवँ नैन सिंह तथा गाँव अबूपुरा निवासी ओमेन्द्र पाल तथा मोहल्ला पटेलनगर जादूनगरनिवासी रोहिताश कुमार तथा जतिन कुमार को 89 पेटी एवं 10 बोतल चंडीगढ़ मार्का अंग्रेजी शराब को अल्टो एवँ स्विफ्ट कार में ले जाते समय गिरफ्तार किया । जिनके विरुद्व थाना निगोही आबकारी एक्ट का मुकदमा दर्ज करके शराब तस्कर आरोपियों को न्यायालय भेजा गया है। पूँछ तांछ करने पर आरोपियों ने बताया कि यह शराब हम लोग उत्तराखण्ड के बाजपुर से लाकर लाभ कमाने के उद्देश्य से ठेकों के आस – पास बेंच देते हैं। और आज भी हम इन दोनों गाड़ियों में शराब लादकर शाहजहाँपुर बेंचनें के लिये ले जा रहे थे। कि हमें पकड़ लिया गया। अल्टो एवँ स्विफ्ट के कागजात



माँगने पर नहीँ दिखा पाने पर कारों का मौके पर ई – चालान एप के माध्यम से 207 एम0वी0 एक्ट में सीज किया गया ।

## दिलशाद अंसारी का राजकीय महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ चयन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय तहसील क्षेत्र की चोरारी गांव निवासी दिलशाद अंसारी का चयन लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित उच्च शिक्षा विभाग के तहत राजकीय महाविद्यालय में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है ।उनकी प्रारंभिक शिक्षा प्राथमिक विद्यालय चोरारी, स्नातक की शिक्षा मड़ियाहूं पीजी कॉलेज में हुआ। उच्च शिक्षा काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग से उन्होंने पूरी किया। अंसारी के असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर चयनित होने की सूचना जैसे ही क्षेत्र के लोगों को हुई उनके घर पर शुभचिंतकों द्वारा बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है। डॉ अखिलेश कुमार ,अमित रंजन ,अनुराग गुप्ता सहित अनेक लोगों ने शुभकामना व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिया है।

# गोरखपुर रेलवे स्टेशन पर लगेगा बम डिटेक्शन प्रणाली

गोरखपुर ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : भारतीय रेल स्टेशन प्लेटफार्म ट्रेनों की सुरक्षा के लिए देश के सात हजार से अधिक स्टेशनों में से 199 स्टेशनों को रेलवे बम डिटेक्शन सिस्टम से लैस करेगा। इसके लिए संवेदनशील रेलवे स्टेशनों की पहचान की गई है। इसके लिए रेलवे 322.19 करोड़ रुपए खर्च करेगा। रेलवे ने जिन संवेदनशील स्टेशनों




को चुना है उसमें उत्तर प्रदेश का गोरखपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, लखनऊ, वाराणसी, फैजाबाद, अयोध्या, सहारनपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, आगरा, मथुरा, झांसी, कानपुर स्टेशन शामिल हैं। बम डिटेक्शन प्रणाली के लग जाने से स्टेशन के अंदर प्लेटफार्म पर जाने के पहले सभी स्टेशनों पर सघन चेकिंग हो सकेगी तथा विस्फोटक पदार्थ का पता लगाया जा सकेगा इस प्रणाली के लग जाने से स्टेशन पर विस्फोटक पदार्थों को नहीं ले जाया जा सकेगा इस प्रणाली से ट्रेनों को विस्फोटक पदार्थों से सुरक्षित रखने में कामयाबी मिलेगी अक्सर देखा जाता है कि ट्रेनों में विस्फोटक पदार्थ मिलते हैं जो कि खतरनाक है यात्री तथा रेल डिब्बों के लिए घातक है तथा कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घट सकती है ज्वलनशील पदार्थों से रेल डिब्बों में आग लग सकती है तथा बड़े पैमाने पर जनधन का नुकसान होने की संभावना बनी रहती है उत्तर प्रदेश में इस प्रणाली के लग जाने से बड़े स्टेशनों पर अपराधों पर लगाम लगाया जा सकेगा तथा किसी घटना वह घटने के पूर्व ही पकड़ में आ सकेगा।

## देसी घी बनाने में 23 रु0 किलो की आती है लागत

कानपुर डीकेयू ब्यूरो : चमड़ा सिटी के नाम से मशहूर कानपुर में जाजमऊ से गंगा जी के किनारे किनारे 10 –12 किलोमीटर के दायरे में आप घूमने जाओ तो आपको नाक बंद करनी पड़ेगी, यहाँ सैंकड़ों की तादात में गंगा किनारे भट्टियां धधक रही होती हैं, इन भट्टियों में जानवरों को काटने के बाद निकली चर्बी को गलाया जाता है, इस चर्बी से मुख्यतः 3 चीजे बनती हैं। 1– एनामिल पेंट (जिसे हम अपने घरों की दीवारों पर लगाते हैं) 2– ग्लू (फेविकोल इत्यादि, जिन्हें हम कागज, लकड़ी जोड़ने के काम में लेते हैं) 3– और तीसरी जो सबसे महत्वपूर्ण चीज बनती है वो है शुध्द देशी घी जी हाँ शुध्द देशी घी यही देशी घी यहाँ थोक मंडियों में 120 से 150 रूपए किलो तक भरपूर बिकता है, इसे बोलचाल की भाषा में पूजा वाला घी बोला जाता है, इसका सबसे ज्यादा प्रयोग भंडारे कराने वाले करते हैं। लोग 15 किलो वाला टीन खरीद कर मंदिरों में दान करके पूण्य कमा रहे हैं। इस शुध्द देशी घी को आप बिलकुल नही पहचान सकते बढ़िया रवे दार दिखने वाला ये जहर सुगंध में भी एसेंस की मदद से बेजोड़ होता है, औधोगिक क्षेत्र में कोने कोने में फैली वनस्पति घी बनाने वाली फैक्टरियां भी इस जहर को बहुतायत में खरीदती हैं, गांव देहात में लोग इसी वनस्पति घी से बने लड्डू विवाह शादियों में मजे से खाते हैं। शादियों पार्टियों में इसी से सब्जी का तड़का लगता है। जो लोग जाने अनजाने खुद को शाकाहारी समझते हैं। जीवन भर मांस अंडा छूते भी नहीं। क्या जाने वो जिस शादी में चटपटी सब्जी का लुत्फ उठा रहे हैं उसमें आपके किसी पड़ोसी पशुपालक के कटड़े (भैंस का नर बच्चा) की ही चर्बी वाया कानपुर आपकी सब्जी तक आ पहुंची हो। शाकाहारी व व्रत करने वाले जीवन में कितना बच पाते होंगे अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। अब आप स्वयं सोच लो आप जो वनस्पति घी आदि खाते हो उसमे क्या मिलता होगा। कोई बड़ी बात नही कि देशी घी बेंचने का दावा करने वाली कम्पनियाँ भी इसे प्रयोग करके अपनी जेब भर रही हैं। इसलिए ये बहस बेमानी है कि कौन घी को कितने में बेच रहा है, अगर शुध्द घी ही खाना है तो अपने घर में गाय पाल कर ही आप शुध्द खा सकते हो, या किसी गाय भैंस वाले के घर का घी लेकर खाएँ, यही बेहतर होगा।

## विषैले जंतु के काटने से बालिका की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के साढापुर गांव निवासी राम आसरे निषाद की 13 पुत्री वर्षीय बबिता बीती रात सोते समय किसी जहरीले जंतु ने काट लिया दर्द होने पर बबिता जगी आनन–फानन में परिजन बालिका को इलाज के लिए सीएचसी बदलापुर ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।